guarantee the loan that will be got by them from foreign agencies or whether Government will advance some money.

**Shri Manubhai Shah:** These are not public sector projects. They will be treated on the same footing as thousands of industries being established in the private sector in this country.

**Shri Kasliwal:** May I know how much of reactor grade graphite will be produced and how much of commercial grade?

**Shri Manubhai Shah:** The quantities are not known. About 3,600 tons of both the types of graphite will be produced of which the major portion will be commercial graphite.

**Shri Hem Barua:** May I know who has decided the location of this plant in Assam—whether it is Government or Mr. Himatsingka? If it is Government why did not Government decide in favour of local industrialists?

**Shri Manubhai Shah:** As far as the place is concerned, as petroleum coke, which is the raw material is available is Assam, the party has obviously selected that place. As far as the application is concerned, we do not go by different States. If an entrepreneur wants to establish it at a place and if the State Government support the scheme, we always take a favourable view.

**Shri D. C. Sharma:** May I know, Sir, since the procedure differ in the case of one private industry and another private industry, what special procedure is going to be adopted so far as this plant is concerned?

**Shri Manubhai Shah:** As far as this plant is concerned, as I said, the terms of foreign collaboration have not yet been received. But if we get an application for assistance, because it is a high priority project, the foreign exchange will be made available, to the extent of the balance left

### सिक्किम में रेडियो स्टेशन

\+

*१२५६. { श्री भक्त दर्शन :
श्री वाजपेयी :
श्री दी० चं० शर्मा :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री १४ नवम्बर, १९६० के अतारांकित प्रश्न संख्या १६ के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सिक्किम में रेडियो स्टेशन स्थापित करने के बारे में क्या निश्चय किया गया है ;

(ख) उसके कब तक पूर्णतया स्थापित हो जाने की आशा की जाती है ; और

(ग) उस रेडियो स्टेशन से कौन से विशेष कार्यक्रम प्रसारित किये जायेंगे ?

सूचना और प्रसारण मंत्री के सभा-सचिव (श्री मा० चं० जोशी) : (क) और (ख) . उपयुक्त स्थान चुनने के लिये किए गए तकनीकी सर्वेक्षणों के परिणाम-स्वरूप सिक्किम और दार्जिलिंग क्षेत्र के लिये कुर्सियोंग में रेडियो स्टेशन स्थापित करने का निर्णय किया गया है । आशा है कि यह स्टेशन १९६१-६२ में कार्य करने लगेगा ।

(ग) कुर्सियोंग स्टेशन से जो कार्यक्रम प्रसारित होंगे उनका ब्यौरा अभी तैयार नहीं किया गया है ।

[(a) and (b). As a result of technical surveys for a suitable location, it has been decided to establish the Radio Station for serving Sikkim and Darjeeling area at Kurseong. The station is expected to be brought into service during 1961-62.

(c) The details of the programme composition to be broadcast from the Kurseong Station have not yet been drawn up.]

श्री भक्त दर्शन : कुर्सियोंग सिक्किम में नहीं है । मैं जानना चाहता हूं कि जबकि सिक्किम में रेडियो स्थापित करने पर विचार

किया जा रहा था तो सिक्किम के बजाए इसको कुरसियोंग में क्यों स्थापित किया गया है ?

श्री बा० चं० जोशी : टैकनिकल सर्वे के बाद इंजिनियर्स की यह राय हुई कि इसको कुरसियोंग में लोकेट किया जाए तो अच्छा होगा । दार्जिलिंग और सिक्किम एरिया की सर्विस के लिए यह स्टेशन बनाया गया है । कुरसियोंग में लोकेट करने से यह चारों ओर सरविस कर सकेगा ।

श्री पद्म देव : इस रेडियो स्टेशन के कार्यक्रम में वहां के स्थानीय लोगों की भाषा और संस्कृति के प्रचार और प्रसार के लिए कितना समय निश्चित होगा ?

श्री बा० चं० जोशी : यह तो अभी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि कितना-कितना समय वहां की विभिन्न भाषाओं के लिए दिया जाएगा, परन्तु यह निश्चित है कि स्थानीय भाषाओं में ब्राडकास्ट किया जाएगा । किन-किन भाषाओं के लिए कितना-कितना समय निश्चित किया जाएगा यह तो रेडियो स्टेशन बन जाने के बाद ही निश्चय किया जाएगा ।

**Shri Ansar Harvani:** Is it not a fact that the Maharaja of Sikkim had offered to establish a commercial radio station in his State and if the Government of India had agreed to it, they would have saved some money?

**Shri A. C. Joshi:** I have no information that a commercial radio staiton is being established.

श्री म० ला० द्विवेदी : चीनी रेडियो द्वारा बोर्डर में भारत विरोधी प्रचार किया जाता है । मैं जानना चाहता हूं कि यह रेडियो स्टेशन जो कि कुरसियोंग में स्थापित किया जाएगा इसके द्वारा उस चीनी प्रचार का खंडन किया जाएगा अथवा नहीं ?

श्री बा० चं० जोशी : यह रेडियो स्टेशन कुरसियोंग में होम सरविस के लिए स्थापित किया जा रहा है और यह दार्जिलिंग और सिक्किम के एरिया की सेवा करेगा ।

श्री म० ला० द्विवेदी : मेरा मतलब यह यह था कि चीन जो हमारे विरुद्ध प्रचार कर रहा है उसका हमारी तरफ़ से कोई खंडन रेडियो द्वारा नहीं किया जा रहा है । हमारे रेडियो द्वारा जो समाचार प्रसारित होते हैं उन का चीनी रेडियो खंडन करता है और उनको काटता भी है । मैं जानना चाहता हूं कि क्या इस दिशा में सरकार कोई कदम उठा रही है ?

**Mr. Speaker:** It is a suggestion for action.

श्री दी० चं० शर्मा : मैं जानना चाहता हूं कि इस रेडियो स्टेशन के वास्ते जो ट्रांसमीटर होगा उसकी कैपेसिटी क्या होगी और क्या वह ट्रांसमीटर मंगवा लिया गया है या अभी मंगवाना है ?

श्री बा० चं० जोशी : यह जो ट्रांसमीटर लगाया जाएगा यह शार्टवेव का ट्रांसमीटर होगा क्योंकि यह पहाड़ी इलाका है। और यह उतनी स्ट्रेंग्थ का होगा जितना उस एरिया को कवर करने के लिए ज़रूरी होगा ।

अध्यक्ष महोदय : अभी निश्चित नहीं हुआ है ।

श्री भक्त दर्शन : श्रीमन् इस रेडियो स्टेशन की स्थापना में क्या इसका पूरा खर्चा भारत सरकार देगी या सिक्किम दरबार से भी कुछ सहयोग या सहायता मिल रही है ?

श्री बा० चं० जोशी : इसका पूरा खर्चा भारत सरकार लगायेगी ।

**Import of Tyres**

+

*1261. { Shri Ram Krishan Gupta:
Shri Ajit Singh Sarhadi:

Will the Minister of Commerce and Industry be pleased to state:

(a) what is the import position of tyres both for heavy and light vehicles at present; and